**राजस्थान सरकार**
**ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग**
**(अनुभाग–3, महात्मा गांधी नरेगा)**

**क्रमांक** : एफ 4(21)ग्रावि / नरेगा / एमआईएस / 2017 / 00470 जयपुर, **दिनांक** : 28.09.21

जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस एवं
जिला कलक्टर, समस्त।

**विषय : महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में श्रमिकों के रिजेक्टेड भुगतान के प्रकरणों में त्वरित त्रुटि संशोधन करने के संबंध में।**
**संदर्भ** : ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के संदर्भित पत्र दिनांक 07.12.2020 के क्रम में

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 02.10.2021 से आयोजित होने वाले **प्रशासन गांवों के संग अभियान** में अनेक कार्य किये जाने हैं, जिनमें एक महत्त्वपूर्ण कार्य महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों के रिजेक्टेड पेमेंट के प्रकरणों में त्वरित त्रुटि संशोधन कर भुगतान की कार्यवाही की जानी है।

वर्तमान में नरेगा–सॉफ्ट पोर्टल के अनुसार राज्य में कुल लगभग 41,000 रिजेक्टेड भुगतान के प्रकरण विभिन्न रूपों में संशोधन के लिए लम्बित हैं। इनमें वर्ष 2021–22 के भी प्रकरणों की संख्या लगभग 7000 है। शेष प्रकरण वर्ष 2014–15 से 2020–21 के हैं **(प्रति संलग्न)**।

इसका तात्पर्य यह हुआ कि वर्तमान में लगभग तीन–चौथाई प्रकरण पूर्व वर्षों के हैं। चूंकि एक ही श्रमिक प्रतिवर्ष कार्य करता है, अतः यदि उसका खाता संशोधन एक बार नहीं हुआ है, तो उसका भुगतान बार–बार रिजेक्ट होता रहेगा। इसका यह भी तात्पर्य हुआ कि रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन्स की कुल संख्या की तुलना में कुल श्रमिकों की संख्या कम होगी, क्योंकि इसमें एक श्रमिक की गिनती रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन्स में एक से अधिक बार हो सकती है। अतः अभियान के दौरान त्रुटि–संशोधन पर विशेष बल दिया जाना आवश्यक है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में जो ट्रांजेक्शन रिजेक्ट हो रहे हैं, उनमें अधिकांश में रिजेक्ट होने के मुख्यतः दो ही कारण हैं–

Scanned with CamScanner

1. **बैंक खाता संख्या गलत होना**, जिसे रिपोर्ट में सामान्यतः No such account के रूप में प्रदर्शित किया जाता है– इसमें श्रमिकों को भुगतान से पूर्व उनके बैंक खाता संख्या को अपडेट कर सही खाता संख्या का इन्द्राज किया जाये।
2. **आधार का सक्रिय न होना**, जिसे रिपोर्ट में सामान्यतः Inactive Aadhaar के रूप में प्रदर्शित किया जाता है– इसमें यदि किसी श्रमिक का आधार का लिंकेज बैंक खाता संख्या के साथ नही है तो श्रमिक के आधार नम्बर को डिलीट कर बैंक खाता संख्या की फीडिंग कर भुगतान की कार्यवाही की जाये।

इस संबंध में **संलग्न तालिका** से स्पष्ट है कि कुल लम्बित प्रकरणों में लगभग आधे प्रकरण केवल 6 जिलों (जालौर, उदयपुर, प्रतापगढ़, बीकानेर, झालावाड, भीलवाड़ा) के हैं। इसके अतिरिक्त 7 जिलों (धौलपुर, बाड़मेर, भरतपुर, बांसवाडा, सवाईमाधोपुर, जोधपुर, जैसलमेर) में 1000 के आस–पास या उससे अधिक प्रकरण लम्बित हैं। इन समस्त जिलों को अपने स्तर पर सर्वाधिक ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। जिस प्रकार यह तालिका बनाई गई है, उसी प्रकार एक जिले के भीतर विभिन्न पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों में भी संख्या का अन्तर हो सकता है, जिसकी सूचना जिले स्तर पर प्राप्त कर लें और इसमें अभियान से पूर्व समस्त ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ लिपिक/ग्राम रोजगार सहायक को सूची देते हुए संशोधन की कार्यवाही करायें। जिस भी पंचायत समिति में 50 से अधिक प्रकरण लम्बित हों या ग्राम पंचायत में 5 से अधिक प्रकरण लम्बित हों, उनमें यदि 15 अक्टूबर 2021 तक संशोधन प्रस्तुत नहीं किया जाता, तो उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। भविष्य के लिए भी ऐसे प्रकरण न तो निर्धारित समय सीमा से अधिक लम्बित रहें, इसके लिए उक्तानुसार निरन्तर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**(कृष्णा कान्त पाठक)**
**शासन सचिव**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**प्रतिलिपिः**
1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, पंचायती राज विभाग राजस्थान, जयपुर।
3. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद,समस्त राजस्थान।
4. अधिशाषी अभियंता, महात्मा गांधी नरेगा जिला परिषद, समस्त राजस्थान।
5. रक्षित पत्रावली।

आयुक्त, ईजीएस

Scanned with CamScanner

## रिजेक्टेड पेमेंट में त्रुटि संशोधन हेतु आवश्यक कार्यवाही संबंधी दिशा–निर्देश

1. रिजेक्टेड पेमेंट संबंधी प्रकरणों में सामान्य तौर पर तीन प्रकार की विसंगतियां हो सकती हैं–
   I. नरेगा सॉफ्ट पर श्रमिक के बैंक का आईएफएस कोड या बैंक खाता संख्या त्रुटिपूर्ण रूप में अंकित कर दिया है, जिसमें संशोधन की कार्यवाही की जानी है।
   II. श्रमिक या तो अन्यत्र चला गया है या उसका देहान्त हो गया है या वह अस्तित्व में ही नहीं है।
   III. श्रमिक के परिवार से अलग होने की स्थिति में वर्तमान में उन्हें नया जॉब कार्ड जारी कर दिया है, परन्तु रिजेक्टेड भुगतान पूर्व जॉब कार्ड का है और वह नरेगा सॉफ्ट पर डिलीट है तो उस स्थिति में राज्य स्तर से उसे Resume करवाया जाकर आवश्यक कार्यवाही की जानी है।

### कार्यवाही संबधी गाईडलाइन

1. सर्वप्रथम नरेगा सॉफ्ट की रिपोर्ट संख्या R 8.1.5 के अनुसार जिले एवं पंचायत समिति में पंचायत में ऐसे समस्त रिजेक्टेड पेमेंट की श्रमिकवार सूची निकालें।
2. दिनांक 01 अक्टूबर 2021 तक समस्त ग्राम विकास अधिकारी की पंचायत समिति स्तर पर बैठक बुलाकर उनको यह सूची समस्त निर्देश के साथ प्रदान कर दी जाए।
3. इस सूची को अगले 7 दिन अर्थात् 08 अक्टूबर 2021 तक संबंधित ग्राम विकास अधिकारी द्वारा पंचायत समिति में जमा कर दिया जाए।
4. पुनः इसे विकास अधिकारी के निर्देश पर अगले 14 अक्टूबर 2021 तक एमआईएस मैनेजर द्वारा यथोचित संशोधन की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए।
5. इसके उपरान्त समस्त लम्बित प्रकरणों को तीन भागों में बांटा जाएगा–
   I. श्रमिक अन्यत्र चला गया है।
   II. श्रमिक का देहान्त हो गया है।
   III. श्रमिक अस्तित्व में ही नहीं है।
6. इसमें समस्त सूचना पंचायत समिति वार व जिलेवार गूगल सीट में संकलित कर दिनांक 21.10.2021 तक अपडेट की जाए।

Scanned with CamScanner

## District wise Pending Rejected Transaction

| SN | Districts | 14-15 | 15-16 | 16-17 | 17-18 | 18-19 | 19-20 | 20-21 | 21-22 | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JALORE | 52 | 122 | 219 | 873 | 515 | 167 | 2815 | 258 | **5021** |
| 2 | UDAIPUR | 821 | 605 | 332 | 485 | 465 | 464 | 1208 | 406 | **4786** |
| 3 | PRATAPGARH | 275 | 402 | 146 | 101 | 291 | 363 | 1204 | 893 | **3675** |
| 4 | BIKANER | 291 | 331 | 363 | 215 | 335 | 205 | 247 | 315 | **2302** |
| 5 | JHALAWAR | 302 | 173 | 78 | 125 | 173 | 325 | 500 | 446 | **2122** |
| 6 | BHILWARA | 97 | 81 | 46 | 47 | 37 | 110 | 1047 | 638 | **2103** |
| 7 | DHOLPUR | 607 | 67 | 230 | 110 | 147 | 240 | 346 | 235 | **1982** |
| 8 | BARMER | 465 | 267 | 178 | 193 | 161 | 162 | 248 | 139 | **1813** |
| 9 | BHARATPUR | 438 | 23 | 45 | 109 | 168 | 241 | 216 | 194 | **1434** |
| 10 | BANSWARA | 5 | 82 | 312 | 440 | 211 | 113 | 115 | 75 | **1353** |
| 11 | S. MADHOPUR | 131 | 297 | 349 | 155 | 68 | 97 | 143 | 113 | **1353** |
| 12 | JODHPUR | 325 | 0 | 2 | 4 | 10 | 31 | 231 | 610 | **1213** |
| 13 | JAISALMER | 67 | 134 | 223 | 100 | 122 | 102 | 191 | 187 | **1126** |
| 14 | NAGAUR | 245 | 193 | 175 | 40 | 62 | 86 | 68 | 100 | **969** |
| 15 | DUNGARPUR | 23 | 68 | 85 | 317 | 107 | 101 | 132 | 93 | **926** |
| 16 | BUNDI | 18 | 3 | 27 | 329 | 89 | 53 | 58 | 319 | **896** |
| 17 | CHITTORGARH | 33 | 65 | 49 | 204 | 105 | 92 | 135 | 128 | **811** |
| 18 | ALWAR | 161 | 90 | 153 | 76 | 85 | 70 | 36 | 88 | **759** |
| 19 | JAIPUR | 73 | 50 | 31 | 96 | 64 | 64 | 125 | 256 | **759** |
| 20 | RAJSAMAND | 112 | 57 | 94 | 38 | 93 | 105 | 116 | 91 | **706** |
| 21 | DAUSA | 90 | 30 | 18 | 34 | 27 | 45 | 183 | 251 | **678** |
| 22 | KARAULI | 131 | 60 | 88 | 117 | 74 | 77 | 58 | 50 | **655** |
| 23 | AJMER | 122 | 133 | 11 | 39 | 65 | 49 | 88 | 76 | **583** |
| 24 | SRI GANGANAGAR | 33 | 51 | 128 | 17 | 27 | 19 | 43 | 262 | **580** |
| 25 | PALI | 35 | 21 | 49 | 43 | 24 | 22 | 55 | 301 | **550** |
| 26 | BARAN | 35 | 32 | 2 | 32 | 104 | 114 | 103 | 124 | **546** |
| 27 | SIROHI | 5 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 374 | 56 | **440** |
| 28 | CHURU | 181 | 6 | 35 | 53 | 64 | 40 | 30 | 14 | **423** |
| 29 | TONK | 49 | 25 | 51 | 51 | 46 | 43 | 47 | 41 | **353** |
| 30 | HANUMANGARH | 24 | 6 | 6 | 17 | 10 | 9 | 12 | 198 | **282** |
| 31 | KOTA | 9 | 4 | 16 | 38 | 22 | 23 | 25 | 44 | **181** |
| 32 | JHUNJHUNU | 1 | 1 | 0 | 8 | 1 | 1 | 16 | 45 | **73** |
| 33 | SIKAR | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 12 | 24 | **40** |
| | **Total** | 5258 | 3484 | 3541 | 4506 | 3773 | 3634 | 10227 | 7070 | **41493** |

Scanned with CamScanner

दो गज दूरी, मास्क जरूरी
सावधानी ही सुरक्षा

राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3)

क्रमांक एफ 4(21)ग्रावि/नरेगा/पार्ट फाईल/00423 जयपुर, दिनांक : 07 DEC 2020

जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक
महात्मा गांधी नरेगा,
समस्त राजस्थान।

**विषयः– नरेगा सॉफ्ट पर Rejected Transactions का पुनः FTO जनरेट करने के संबंध में दिशा–निर्देश।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत महात्मा गांधी नरेगा की धारा–2 के अनुसार श्रमिकों को मजदूरी भुगतान उनके खाते में पखवाडा समाप्ति के 15 दिवस में आवश्यक रूप से किया जाना है। योजनान्तर्गत ऑनलाईन भुगतान की प्रकिया में कई बार पूर्ण FTO अथवा FTO में से कुछ Transactions किसी कारणवश reject हो जाते है। वित्तीय वर्ष 2020–21 में आदिनांक तक 40 हजार rejected Transactions प्रदर्शित हो रहे है। इन Transactions को reprocess किए जाने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जावे :–

I. जिला स्तर पर जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक साप्ताहिक रूप से reject हो रहे श्रमिक भुगतान की समीक्षा करेगें एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी reject हुए Transactions को अधिकतम 5 दिवस में reprocess करवाये जाने की कार्यवाही विकास अधिकारी, सह कार्यक्रम अधिकारी के स्तर से करवायेगें।

II. Reject हुए Transactions को reprocess किए जाने के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही की जावे :–

   a. यदि reject हुए FTO/Transactions, 'Account Based' है। इस स्थिति में बैंक खाते की सही जानकारी श्रमिक से प्राप्त कर इसका इन्द्राज नरेगा सॉफ्ट में कराया जाना सुनिश्चित किया जावे।

   b. यदि reject हुए FTO/Transactions, 'AADHAAR Based' है उस स्थिति में श्रमिक का भुगतान 'Account Based' करवाया जावे।

   c. कई बार कुछ Transactions दो या अधिक बार reject हो जाते है तो इस स्थिति में यदि Transactions, 'Account Based' है तो बैंक खाते का सही इन्द्राज पीओ लॉगिन से कर उसे जिला स्तर से सत्यापित कराया जावे। जिला स्तर से सत्यापन के पश्चात् पीओ लॉगिन में Transactions भुगतान हेतु वेजलिस्ट जनरेशन के लिए उपलब्ध होगी।



Scanned with CamScanner

दो गज दूरी, मास्क ज़रूरी
सावधानी ही सुरक्षा

d. यदि दो या अधिक बार reject हुए Transactions, 'AADHAAR Based' है तो इस स्थिति में बिन्दु संख्या (b) के अनुसार कार्यवाही करने के पश्चात् Transaction जिला स्तर से सत्यापित कराया जाकर भुगतान की कार्यवाही संपादित की जावे।

e. Reject हुए Transactions को reprocess करने हेतु यदि किसी बैंक शाखा द्वारा श्रमिक को कॉपरेट नहीं किया जाता है एवं श्रमिक द्वारा इसके बारे में पंचायत समिति कार्यालय में अवगत कराया जाता है तो विकास अधिकारी सह कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर श्रमिक की समस्या का निराकरण करवाया जावे।

नरेगा सॉफ्ट पर उपलब्ध रिपोर्ट संख्या R8.1.5 Rejected Transaction Reconciliation का नियमित रूप से अवलोकन किया जावे। इस रिपोर्ट में गत वित्तीय वर्षों के reject हुए Transactions की प्रगति भी प्रदर्शित होती है। अतः वर्तमान एवं गत समस्त वित्तीय वर्षों के reject हुए Transactions को reprocess किये जाने हेतु उक्तानुसार कार्यवाही की जावे।

उपरोक्त समस्या के समाधान हेतु राज्य स्तर पर Rejection reason wise मार्गदर्शिका तैयार की गई है जो इस पत्र के साथ संलग्न है। इस मार्गदर्शिका के आधार पर rejected Transactions को तुरंत reprocess करने के संबंध में सभी विकास अधिकारी सह कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक रूप से निर्देशित किया जावे।

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय,**

3/12

**(रोहित कुमार सिंह)**
**अतिरिक्त मुख्य सचिव**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1 अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद समस्त राजस्थान।
2 विकास अधिकारी सह कार्यक्रम अधिकारी, पंचायत समिति समस्त राजस्थान।

**आयुक्त, ईजीएस**



Scanned with CamScanner

| S.N. | Rejection Reason | Mechanism |
|---|---|---|
| 1 | Inactive Aadhaar | Reject हुए FTO/Transactions, 'AADHAAR Base' है उस स्थिति में श्रमिक का भुगतान 'Account Based' करवाया जावे। |
| 2 | Aadhaar Mapping does not exist/Aadhaar number not mapped to IIN | |
| 3 | No such Account/Account does not Exist | Reject हुए FTO/Transactions, 'Account Based' है। इस स्थिति में बैंक खाते की सही जानकारी श्रमिक से प्राप्त कर इसका इन्द्राज नरेगा सॉफ्ट में कराया जावे। |
| 4 | Account Blocked/ Frozen/Dormant Account / Account Inoperative | इस स्थिति में श्रमिक द्वारा स्वंय के बैंक खाते से कोई Transactions किया जावे एवं आवश्यकता होने पर बैंक शाखा में सम्पर्क किया जावे। |
| 5 | Customer to Refer to Branch | श्रमिक द्वारा व्यक्तिशः बैंक शाखा में सम्पर्क किया जावे। |
| 6 | Account Closed or Transferred | इस स्थिति में श्रमिक द्वारा नया बैंक खाता खुलवाया जावे एवं इसका विवरण नरेगा सॉफ्ट पर फिज करवाया जावे। |
| 7 | Participant not mapped to product | यह rejection reason तब आता है जब कोई बैंक दुसरे बैंक में merge हो जाता है। इस स्थिति में IFS Code बदलता है। अतः परिवर्तित IFS Code को नरेगा सॉफ्ट में फिज कर भुगतान की कार्यवाही की जावे। |
| 8 | Invalid Account (NRE/PPF/CC) | इस स्थिति में श्रमिक को नया बचत खाता खुलवाने हेतु अवगत करवाया जावे एवं इसका विवरण नरेगा सॉफ्ट पर फिज करवाया जावे। |
| 9 | Account reached maximum credit limit per transaction or limit set on account by bank | श्रमिक द्वारा बैंक शाखा में सम्पर्क कर स्वंय के बैंक खाते को सामान्य बचत खाते में परिवर्तित करवाया जावे अथवा नया बैंक खाता खुलवाया जावे एवं इसका विवरण नरेगा सॉफ्ट पर फिज करवाया जावे। |
| 10 | KYC Documents Pending | श्रमिक द्वारा स्वयं की ID एवं address proof document के साथ बैंक शाखा में सम्पर्क किया जावे। |
| 11 | INVALID BANK IDENTIFIER | श्रमिक के बैंक खाता संख्या एवं IFS Code को चेक कर अपडेट किया जावे। |



Scanned with CamScanner